मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–9, नवंबर 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## शिमला में आयोजित कामधेनु पेंटस का डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन

**चण्डीगढ़, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी की प्रगति में असाधारण योगदान हेतु सम्मानित**



कामधेनु पेंट्स ने पंजाब एवं चण्डीगढ़ समेत समस्त उत्तर भारत में अपने मार्केटिंग नेटवर्क को मज़बूत करने और गत वर्ष कम्पनी के उत्पादों के विक्रय में असाधारण योगदान देने वाले इस क्षेत्र के डीलरों–डिस्ट्रीब्यूटरों को सम्मानित करने के उद्देश्य से 20 नवम्बर, 2011 को शिमला के इस्ट बोर्न होटल में एक डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डीलरों के पिछले प्रदर्शन का आंकलन किया गया और उन्हें कंपनी की भावी नीतियों से अवगत कराया गया। इस सभा में कंपनी के 100 से अधिक डीलरों ने भाग लिया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल के साथ श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मार्केटिंग हेड, श्री हरविन्दर सिंह, आर.एस.एम. और श्री भवेश शर्मा, सिनियर ए.एस.एम और श्री निहाल राफ्ता ए.एस.एम भी उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, "चण्डीगढ़, पंजाब और हिमाचल प्रदेश ना सिर्फ कंपनी के प्रमुख बाजार हैं बल्कि देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में भी शामिल हैं। ***Colour Dreamz*** को यहां के अग्रणी पेंट ब्रांडों की श्रेणी में लाने के लिए हमारे सभी डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों के प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय है। क्षेत्र में हमारे उत्पादों की भारी मांग उनकी उत्कृष्ट गुणवत्ता और डीलरों के प्रयासों के परिणामस्वरूप है। हमें चाहिए कि हम निरन्तर इसी प्रकार ग्राहकों की संतुष्टि को ध्येय बनाकर उन्हें अधिकाधिक सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में प्रयासरत रहें।"

कंपनी की भावी योजनाओं से डीलरों को अवगत कराते हुए श्री अग्रवाल ने आगे कहा, "अपने विकास क्रम को भविष्य में भी बरकरार रखने के उद्देश्य से हम समूचे देश में अपने वितरण नेटवर्क को मज़बूत करने के साथ नए उत्पादों को भी बाजार में उतार रहे हैं। हमारे नए उत्पादों को भी भारत के सभी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है।"

गणमान्य अतिथियों को संबोधित करते हुए श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा, "कामधेनु पेंट्स का प्रमुख ध्येय ग्राहकों के सपनों के रंगों को दीवारों पर लाना है और यही संकल्प हमारी सफलता की कुँजी है। हमने शुरूआत से ही इस बाजार में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और आगे भी यहां विकास की ढेरों संभावनाएं देखते हैं। हमारा सहयोग और शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ हैं।"

इस अवसर पर कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करने वाले डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया। पिछले वर्ष बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले लुधियाना डिपो से नीहालसिंहवाला के जिंदल इन्टरप्राइजेज और राजा सन्स को क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार और मोगा के दीनदयाल अजय कुमार को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। जालन्धर डिपो से हिमांशी पेन्ट एवं हार्डवेयर स्टोर को प्रथम, जैन एजेन्सीज को द्वितीय एवं बजाज हार्डवेयर एवं पेन्ट स्टोर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर चण्डीगढ के पूनम पेन्ट्स एवं हार्डवेयर, पंजाब पेन्टस एवं हार्डवेयर और कमल ट्रेडर्स सहित दीप हार्डवेयर स्टोर एवं पायल हार्डवेयर स्टोर को भी उनके विशिष्ट योगदान के लिए सराहा गया। यह मीटिंग कंपनी के लिए बेहद उपयोगी रही और इसके फलस्वरूप कंपनी इस क्षेत्र में अपने उत्पादों की बिक्री में और अधिक वृद्धि होने के लिए आश्वस्त है।



# भारत ने किया अग्नि–4 का सफल परीक्षण



अपने परमाणु प्रतिरोध को और सुदृढ बनाते हुए भारत ने 15 नवंबर, 2011 को परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अग्नि–4 नामक उन्नत किस्म की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। सतह से सतह पर वार करने में सक्षम, मध्यम दूरी की मारक क्षमता वाली इस मिसाइल का परीक्षण उड़ीसा में बालेश्वर से 100 कि.मी. की दूरी पर स्थित व्हीलर द्वीप समेकित परीक्षण रेंज (आई.टी.आर.) से मोबाइल लांचर के जरिए छोड़ कर किया गया। नई पीढ़ी की इस मिसाइल में मिशन से जुड़े सभी मानकों का पूरा ख्याल रखा गया है और यह 3000 कि.मी. दूरी तक लक्ष्य को आसानी से भेद सकती है। इसकी मारक क्षमता को 3500 कि.मी. तक बढ़ाया जा सकता है। 20 मीटर लंबी इस मिसाइल का वजन 17 टन है और इसकी पेलोड क्षमता 1 टन है। वजन में हल्की इस मिसाइल में सॉलिड प्रॉपेलेंट प्रणाली वाली दो स्टेज हैं। भारत के मिसाइल कार्यक्रम में सफलता का एक नया अध्याय जोड़ने वाली अग्नि–4 मिसाइल को पूर्व में अग्नि–2 प्राइम का नाम दिया गया था जिसका परीक्षण 10 दिसंबर, 2010 को हुआ था। किन्तु कंट्रोल सिस्टम में कुछ तकनीकी दिक्कतों के चलते यह कुछ ही पलों में भटक गई और वह परीक्षण असफल रहा था। मिसाइल वैज्ञानिक टेसी थॉमस की अगुवाई वाली टीम ने अग्नि–4 के प्रक्षेपण तंत्र को निर्मित और समेकित किया जिसके बाद इसका प्रक्षेपण किया गया। रक्षा मंत्रालय के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. वी.के. सारस्वत ने सभी वैज्ञानिकों, डीआरडीओ के समस्त कर्मचारियों और सैन्य बलों को अग्नि–4 के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी।

## मारियो मोंटी बने इटली के प्रधानमंत्री



यूरोपीय संघ के पूर्व प्रमुख और सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री मारियो मोंटी इटली के नए प्रधानमंत्री नियुक्त हुए हैं। उनकी नियुक्ति राष्ट्रपति जॉर्जिया नापोलिटानो द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी के इस्तीफा देने के बाद की गई। माना जा रहा है कि 68 वर्षीय मोंटी इटली पर भारी कर्ज के दबाव को घटाने और बाजार में विश्वास बहाल करने के लिए यूरोपीय संघ के खर्च में कटौती जैसे उपायों को लागू करेंगे। सुपर मारियो के नाम से विख्यात मोंटी की छवि बर्लुस्कोनी के विपरीत एक सख्त मिजाज़ व्यक्ति की है। आशा की जा रही है कि वे अपनी नीतियों से इटली को वर्तमान आर्थिक संकट से उबार सकेंगे।

इटली की अर्थव्यवस्था में सुधार करने के लिए मोंटी करों में वृद्धि, सरकारी नौकरियों में छँटनी, बंद पड़े उद्योगों के जीर्णोधार, सरकारी सम्पत्तियों के विक्रय और कुशल मानव संसाधान को देश में रोकने की योजना रखते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया से मिलेगा यूरेनियम



ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड ने भारत को यूरेनियम बेचे जाने को लेकर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने लेबर पार्टी की भारत को यूरेनियम न बेचने की लंबे समय से चली आ रही नीति को पुरानी ठहराते हुए बताया कि उनकी भारत को यूरेनियम निर्यात करने की योजना है। इस फैसले के साथ ऑस्ट्रेलिया अमेरिकी दृष्टिकोण के साथ सामंजस्य बैठा लेगा। जूलिया के अनुसार 16 अरब अमेरिकी डालर के निर्यात के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है और भारत के विकास की गति को देखते हुए इसके बढ़ने की पूरी संभावना है। जैसे–जैसे भारत तरक्की करेगा वैसे–वैसे उसे ऊर्जा की और अधिक आवश्यकता होगी। भारतीय विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के इस फैसले का स्वागत किया है।

# लखीसराय में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का डीलर सम्मेलन




कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 21 अक्टूबर, 2011 को बिहार के लखीसराय में एक डीलर सम्मेलन का आयोजन किया। इस मीटिंग में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जी.एम. श्री वाई.आर. पंडिता, डिस्ट्रीब्यूटर श्री शंकर प्रसाद अग्रवाल और बिहार में कामधेनु ब्रांड टी.एम.टी. के अधिकृत लाइसेंस प्रयोगकर्ता दादीजी स्टील लिमिटेड के श्री अखिलेश सिंह तथा श्री विपिन सिंह मौजूद थे।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री वाई.आर. पंडिता ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने सभी डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों की उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना करता है और भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग बरकरार रखने का निवेदन करता है।"

कंपनी की विक्रय नीतियों की सराहना करते हुए श्री शंकर प्रसाद अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के साथ काम करना हमारे लिए एक सम्मान की बात है। देश भर के ग्राहकों का ब्रांड 'कामधेनु' पर मज़बूत विश्वास है। साथ ही, कंपनी से हमें जिस प्रकार का सहयोग मिलता है वह वास्तव में सराहनीय है।"

इस अवसर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को भी सम्मानित किया गया।

# देवघर में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का डीलर सम्मेलन

आधारभूत संरचना और निर्माण के क्षेत्र में झारखण्ड में विस्तृत संभावनाओं को भुनाने के उद्देश्य से कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 5 नवंबर, 2011 को देवघर में अपने स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर मैसर्स एस.के. एण्टरप्राइजेज़ के श्री संजय खेतान और श्री पंकज खेतान के सहयोग से एक डीलर्स सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जमुई, मुँगेर और बंका क्षेत्र के डीलरों ने भाग लिया। मीटिंग में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का प्रतिनिधित्व श्री वाई.आर. पंडिता, जी.एम. ने किया। बिहार में कामधेनु ब्रांड टी.एम.टी. के अधिकृत लाइसेंस प्रयोगकर्ता दादीजी स्टील लिमिटेड के श्री अखिलेश कुमार सिंह, मार्केटिंग मैनेजर और श्री विपिन सिंह, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। श्री राजघरिया और श्री मदन कुमार भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

सभा को संबोधित करते हुए श्री पंडिता ने कहा, "झारखण्ड में आधारभूत संरचना के विकास की अनेकों संभावनाएं मौजूद हैं जिसे देखते हुए हमें राज्य में अपने उत्पादों की भारी मांग होने का पूर्ण विश्वास है। समीपवर्ती राज्य बिहार में दादीजी स्टील लिमिटेड के सहयोग से वर्तमान में हम बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उसी प्रकार की सफलता हम झारखण्ड में भी दोहराना चाहते हैं।"




डीलरों को कंपनी की विक्रय नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए श्री पंडिता ने कहा, "कंपनी अपने डीलरों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतया तत्पर है। अपने डीलरों का अधिकाधिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए हम नियमित अंतराल पर अनेकों स्कीमें चलाते रहते हैं। इसके अतिरिक्त अपने उत्पादों की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए हम सभी परंपरागत व गैर–परंपरागत साधनों का प्रयोग कर रहे हैं। इससे ग्राहकों के बीच हमारे उत्पादों के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी और हमारे उत्पादों की लोकप्रियता में वृद्धि होगी।"

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

**मैसर्स यमुना स्टील**
जूनागढ़ रोड
सदर चौक
जेतपुर
मो. : 9824291125

श्री मंजूनाथ
**मैसर्स श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर स्टील**
बशवेश्वर सर्किल
रायचुर
मो. : 9448619388

**मैसर्स पटेल इलेक्ट्रिकल्स एण्ड इंजीनियर्स**
C/o मोटाभाई अली भाई
विरामगाम, गुजरात
मो. : 9898149049

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# रायचुर में कामधेनु का इंजीनियर्स मीट आयोजित




आधारभूत संरचना के विकास की प्रक्रिया में संस्थागत रूप से प्रशिक्षित सिविल इंजीनियरों को निर्माण क्षेत्र से संबंधित बारीकियों की गहन जानकारी होती है। यही कारण है कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड इंजीनियरों का बहुत सम्मान करता है और उन्हें लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ता है। कंपनी इंजीनियरों को अपने उत्पादों में किए गए तकनीकी नवीकरणों और इनसे होने वाले फायदों की जानकारी प्रदान करने हेतु नियमित अंतराल पर विभिन्न समारोहों, संगोष्ठियों और बैठकों का आयोजन करती रहती है। दक्षिणी भारत में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए कंपनी ने रायलसीमा क्षेत्र के अपने डिस्ट्रब्यूटर श्री प्रदीप अग्रवाल और डीलर मैसर्स श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर स्टील्स के श्री मंजूनाथ के सहयोग से 18 अक्टूबर, 2011 को रायचुर में एक इंजीनियर सम्मेलन का आयोजन किया। इस मीटिंग में आस–पास के क्षेत्रों के 70 से अधिक इंजीनियरों ने भाग लिया।

इस मीटिंग में कंपनी का उद्देश्य इंजीनियरों को कामधेनु टी.एम.टी. से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी देना था। इसलिए कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीनियर मैनेजर– मार्केटिंग श्री मयंक श्रीवास्तव ने कंपनी व इसके प्रमुख उत्पाद टी.एम.टी. के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड उत्पादन प्रक्रिया में अन्तर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करता है। कंपनी के सभी स्टील उत्पाद ग्राहकों तक पहुँचने से पहले प्रत्येक स्तर पर गहन जांच प्रक्रिया से होकर गुजरते हैं। यही वजह है जो कामधेनु टी.एम.टी. को बाजार में उपलब्ध अन्य उत्पादों से अलग बनाती है।" साथ ही, उन्होंने इंजीनियरिंग की शुरूआत के विषय में भी कुछ रोचक जानकारियां उपलब्ध कराई।

इंजीनियर्स को कामधेनु समूह और इसके उत्पादों के विषय में बेहतर जानकारी देने के लिए श्री रजनीश चंद्र दूबे ने एक विस्तृत पावरप्वाइंट प्रेसेन्टेशन भी दी।

इसके पश्चात एक सम्मान समारोह हुआ जिसमें कामधेनु इस्पात लिमिटेड की कर्नाटक शाखा ने श्री मयंक श्रीवास्तव, श्री प्रदीप अग्रवाल और श्री मंजूनाथ को सम्मानित किया। तदोपरांत कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री मयंक श्रीवास्तव द्वारा इंजीनियरिंग, निर्माण और आधारभूत संरचना के क्षेत्र की जानी–मानी हस्तियों श्री रमेश भोंसले (अध्यक्ष, सिविल इंजीनियर्सएसोसिएशन, रायचुर) और श्री सुरेश शेदबल (अध्यक्ष, इंजीनियर्स एसोसिएशन, रायचुर) को उनके बेहतरीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री प्रदीप अग्रवाल ने इंजीनियरों को कामधेनु इस्पात लिमिटेड से जुड़ने के फायदों से अवगत कराया। श्री रमेश भोंसले और श्री सुरेश शेदबल ने भी कंपनी के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये और बताया किस प्रकार क्षेत्र कामधेनु इस्पात लिमिटेड की उपस्थिति से लाभांवित हुआ है।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com